भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1632

16 दिसंबर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सीजीएचएस पैनलबद्ध आयुर्वेदिक सरकारी अस्पताल

1632. श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री रवि किशन:
श्री सुब्रत पाठक:
श्री रविन्दर कुशवाहा:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री प्रतापराव जाघव:
श्री विद्युत बरन महतो:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री मनोज तिवारी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के पैनल में केवल एक आयुर्वेदिक सरकारी अस्पताल जो अलीगंज, दिल्ली में है, शामिल है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बड़ी संख्या में मरीज केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के पैनल में शामिल निजी अस्पतालों के बजाय उक्त अस्पताल में पंचकर्म उपचार के लिए लंबी कतारों में प्रतीक्षारत खड़े रहते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा उक्त अस्पताल में उपर्युक्त मुद्दों के समाधान के लिए क्या आवश्यक कदम उठाए गए है/उठाए जाने वाले हैं;
(ग) क्या सरकार ने इस तथ्य पर ध्यान दिया है कि उक्त अस्पताल में उपलब्ध यंत्र और उपकरण अप्रचलित और निष्क्रिय हैं और यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;
(घ) क्या सरकार का अस्पताल में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में और अधिकांशत: खराब पड़ी लिफ्टों सहित अवसंरचना का उन्नयन करने का भी विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए है/किए जा रहे हैं: और
(ङ) क्या उक्त अस्पताल में तकनीशियनों, सहायकों और परिचरों के पद रिक्त पड़े हैं और यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त रिक्तियों को भरने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ङ): सीजीएचएस के तहत दिल्ली के अलीगंज में एक सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल है। सीजीएचएस के तहत निजी अस्पतालों को पैनलबद्ध करना एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है। योजना के तहत, इच्छुक निजी अस्पताल पैनलबद्ध होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाले निजी अस्पताल इस योजना के तहत पैनलबद्ध हो जाते हैं। पंचकर्म एक नियोजित उपचार है और इस योजना के तहत पैनलबद्ध निजी अस्पतालों में इलाज लेने के लिए लाभार्थियों के पास एक विकल्प है। अस्पताल में जनरेटर को बदला गया है और एक नई लिफ्ट को लगाया गया है। रिक्तियों को भर्ती के लिए कर्मचारी चयन आयोग को अधिसूचित किया गया है।

*****